कैच द रेन एवं फाईट द बाइट पर सेमिनार आयोजित

भिलाईनगर। आज नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में कैच द रेन एवं फाईट द बाइट पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसका प्रमुख उददेश्य था बरसात के पानी को संरक्षित करना एवं मच्छर के लार्वा पनपने से पहले उसका उन्मूलन कर देना।

भिलाई क्षेत्र के सभी रेसिडेंस एसोसिएसन के पदाधिकारियो को बुलाया गया था उन्हे नगर निगम के भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख द्वारा शासन की योजना कैच द रेन के बारे में बताया गया कि किसी प्रकार से हम अपने कालोनी में सोक पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर रिचार्ज बना करके, वर्षा के जल को सरंक्षित कर सकते है साथ ही बोरिंग को रिर्चाज करके जमीन के भू स्तर को बढाया जा सकता है। इसके बारे मे उन्हे जानकारी दी गई की किस प्रकार से सोक पिट बनाया जा सकता है एवं किस प्रकार से हम थोड़ा सा प्रयास करके कालोनी के अंदर जल स्तर को बढ़ा सकते है।

फाइट द बाइट के अंतर्गत जिला मलेरिया अधिकारी डाॅ. चंद्रभान सिंह बंजारे द्वारा बताया गया कि किस प्रकार से हम अपने हाउसिंग सोसायटी को मच्छर से मुक्त कर सकते है हमे ध्यान देना होगा कि हमारे सोसायटी के कुलर, गमला, पानी टंकी, स्वीमिंग पूल, फलावर पाॅट, फ्रीज के नीचे एवं अन्य स्थान पर जहा पर पानी भरने की संभावना है वहाॅ पर मच्छर के लार्वा पनप सकते है। ऐसे जगहो पर थोड़ी सी सावधानी करके वहां जला आईल, मलेरिया आईल, टेमिफास डाल करके मच्छर के अण्डो को मार सकते है। एक मच्छर 150 से अधिक अण्डे देता है, अगर हम उसे नहीं मारेगे तो बढ़ते क्रम में बढ़ते ही जायेगा। सोसायटी के पदाधिकारियो ने अपना पक्ष रखा उसमे से यह निर्धारित हुआ की नगर निगम भिलाई एवं मलेरिया उन्मूलन स्वास्थ्य विभाग की टीम संयुकत रूप से एक तिथि निर्धारित करके हाउसिंग सोसयटी के लोगो के बीच जायेगी, निवासरत नागरिको को समझायेगी, इसमे सोसायटी के लोग भी सहयोग करेगें। यह सब कार्य 15 जून बरसात आने से पहले करने का सब लोगो ने निश्चय किया है।

सेमिनार के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, डाॅ. तुसार वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, भवन अनुज्ञा के इंजिनियर सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, शहरी अजीविका मिशन के स्टाफ के साथ हाउसिंग सोसायटी के वंदे मातरम सोसायटी, श्रीराम हाईटस, शिखर अपाटमेंट, कृष्णा गेैंरण्ड सिटी, आकृति हाईटस, अविनाश डेवलप्र्स आदि के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी लोगो ने जागरूकता लाने का शपथ लिया।